गुरुवार
07 सितंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




बीएसएपी–4 में प्रशिक्षु जवानों को नहीं मिल रहा गुणवत्तापूर्ण खाना

3



## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम


बुधवार को देश भर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। बाल गोपाल के जन्मोत्सव को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल रहा। प्रभु के आगमन को लेकर शहर के तमाम मंदिरों को फूल मालाओं व बिजली के झालरों से सजाया गया था। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण का शृंगार कर पूजा–अर्चना के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। डुमरांव के बांके बिहारी मंदिर में देर शाम भजन कीर्तन का दौर शुरू हुआ जो प्रभु के जन्मोत्सव के बाद संपन्न हुआ। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण की पूजा कर भोग लगाया गया और प्रसाद का वितरण किया गया।

### दिल्ली में जी-20 का शिखर सम्मेलन: सुरक्षा की दृष्टि से नॉर्दन रेलवे ने उठाया कदम

# 9 से 11 तक दिल्ली जानेवाली 207 ट्रेनें रद्द

- रेलवे ने 36 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट करने का लिया है फैसला
- तीन दिनी सम्मेलन के कारण आम लोगों को ट्रेन, मेट्रो से लेकर सड़कों तक पर कई तरह की पाबंदियों का करना पड़ेगा सामना

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली में 8 से 10 सितंबर के बीच जी-20 शिखर सम्मेलन होने जा रहा हैं। इसे लेकर दिल्ली के मेट्रो, बस और रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा पुख्ता कर दी गई है। इस दौरान आम लोगों को मेट्रो से लेकर सड़कों तक पर कई तरह की पाबंदियों का सामना करना पड़ेगा। उत्तर रेलवे ने भी कई ट्रेनों के रूट में बदलाव किया है, जबकि कुछ गाड़ियों के स्टेशनों को बदल दिया गया है। जी-20 के कारण 200 से अधिक ट्रेनों को कैंसिल करने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा वेस्टर्न रेलवे ने भी जी-20 को देखते हुए कई सारी गाड़ियों का रूट बदला है। नॉर्दन रेलवे ने इसकी जानकारी देते कहा कि दिल्ली क्षेत्र में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित जी-20 समिट कार्यक्रम की तैयारियों और सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे द्वारा निम्नानुसार रेलगाड़ियों को अस्थाई रूप से निरस्त/टर्मिनल परिवर्तित/पुनर्निर्धारित/मार्ग परिवर्तित एवं अतिरिक्त ठहराव आदि प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि वह इसी हिसाब से अपनी यात्रा की योजना बनाएं। 9, 10 और 11 सितंबर को कुल 207 ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। वहीं, 36 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट करने का फैसला किया गया है।




### इन गाड़ियों का बढ़ाया गया ठहराव

- 8 और 9 सितंबर को मुंबई सेंट्रल से यात्रा शुरू करने वाली ट्रेन संख्या 12951 मुंबई सेंट्रल–नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस को हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है।
- 8 सितंबर को मुंबई सेंट्रल से यात्रा शुरू करने वाली ट्रेन संख्या 22209 मुंबई सेंट्रल–नई दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस को हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है।
- 9 सितंबर को चंडीगढ़ से यात्रा शुरू करने वाली ट्रेन संख्या 12450 चंडीगढ़–मडगांव गोवा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को बादली स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है।
- 10 सितंबर को अमृतसर से यात्रा शुरू करने वाली ट्रेन संख्या 12484 अमृतसर–कोचुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस को बादली स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है।
- 9 और 10 सितंबर को अमृतसर से यात्रा शुरू करने वाली ट्रेन संख्या 12926 अमृतसर–मुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस को बादली स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है।
- 9 सितंबर को श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से यात्रा शुरू करने वाली ट्रेन संख्या 12472 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–बांद्रा टर्मिनस स्वराज एक्सप्रेस को बादली स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है।
- 10 सितंबर को श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से यात्रा शुरू करने वाली ट्रेन संख्या 12478 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा –जामनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस को बादली स्टेशनपर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है।
- 8 सितंबर को इंदौर से यात्रा शुरू करने वाली ट्रेन संख्या 20957 इंदौर–नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस को फरीदाबाद स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है।
- 9 सितंबर को वाराणसी से यात्रा शुरू करने वाली ट्रेन संख्या 19408 वाराणसी–अहमदाबाद एक्सप्रेस को दिल्ली शाहदरा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है।

### 8 से 10 सितंबर तक रेलवे स्टेशनों पर नहीं होंगे वाहन

जी-20 के मद्देनजर 8, 9 और 10 सितंबर तक सभी रेलवे स्टेशनों को सभी वाहनों से खाली करवा दिया जाएगा। अत्यंत आवश्यक वाहनों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के वाहन को ठहरने की अनुमति नहीं होगी। स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को ड्रॉप करने की अनुमति होगी, पिक करने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। रेलवे डीसपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि, हमने रेलवे डीआरएम को पत्र लिखा हुआ है, जिसमें तीन दिन तक रेलवे पार्सल घर को खाली करवाने और बुकिंग बंद करने और जो रेलवे कर्मचारी जी–20 आयोजन स्थल के करीब होंगे, उनके ड्यूटी पास बनाने का अनुरोध किया है।

### दिल्ली के रेलवे स्टेशनों के पास लगाए गए 75 सीसीटीवी कैमरे

जी 20 शिखर के मद्देनजर जीआरपी ने 24 घंटे नजर रखने के लिए स्टेशन की खुली जगहों पर 75 सीसीटीवी नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर लगाए हैं। स्टेशन पर अंधेरी वाली जगहों पर नए बिजली के खंबे लगाकर रोशनी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा रेलवे स्टेशनों के सभी स्टेक वेंडर्स, कुली, टैक्सी चालक, पोर्टर्स, स्टेशन पर सफाई कर्मचारी, ऑटो ड्राइवर, पार्किंग अटेंडेंट सभी को अपने आसपास की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए तैयार किया गया है। इनको किसी भी संदिग्ध व्यक्ति और सामान की सूचना रेलवे पुलिस को देने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

## एनआईए का खुलासा सरकार के खिलाफ जंग छेड़ने की रची जा रही थी साजिश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की छापेमारी के दौरान बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट का बिहार के प्रतिबंधित नक्सली संगठन से कनेक्शन का खुलासा हुआ है। एनआईए के बयान के मुताबिक बीएचयू की एमफिल की स्टूडेंट और भगत सिंह छात्र मोर्चा नाम की संस्था से जुड़ी छात्रा आकांक्षा आजाद के बिहार के नक्सली संगठन सीपीआई माओवादी से रिश्ते सामने आए हैं। यूपी के आठ जिलों में मंगलवार को छापेमारी के बाद एनआईए ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर फैक्ट्स और फाईंडिंग्स के बारे में बताया है। विज्ञप्ति के मुताबिक बीएचयू की स्टूडेंट आकांक्षा आजाद सीपीआई माओवादी के खतरनाक और अतिवादी एजेंडे पर गुपचुप तरीके से काम कर उसे फिर से हरकत में लाने की मुहिम में जुटी थी। आरोपी छात्रा आकांक्षा को बीएचयू और इसके आसपास का कैडर रिक्रूट करने की जिम्मेदारी दी गई थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रतिबंधित नक्सली संगठन सीपीआई माओवादी केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफ सशस्त्र जंग छेड़ने की तैयारी के अलावा विभिन्न हिंसक नक्सली वारदातों को अंजाम दिया करती है। एनआईए के छापेमारी दस्ते ने मंगलवार को वाराणसी के महामनापुरी कॉलोनी में कार्रवाई के दौरान इसी नक्सली संगठन के बैनर और पोस्टर के अलावा आरोपी आकांक्षा आजाद के मोबाइल फोन और लैपटॉप को जब्त कर लिया है।

## संसद सत्र का एजेंडा विपक्ष से शेयर नहीं करने पर सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

- मोदी सरकार के अब तक के कार्यकाल में यह पहला मौका है जब संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है

**एजेंसी/नई दिल्ली**

संसद के विशेष सत्र को लेकर सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने इस खत में लिखा है कि पहली बार संसद सत्र का एजेंडा विपक्ष से शेयर नहीं किया गया। सोनिया गांधी ने चिट्ठी में कहा है कि संसद का विशेष सत्र विपक्ष से बिना किसी पूर्व चर्चा के बुलाया गया है। उन्होंने सत्र के एजेंडे की जानकारी भी मांगी है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने पीएम मोदी से नौ सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा कराने का भी आग्रह किया है। उन्होंने चिट्ठी में मांग रखी कि 18 सितंबर से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र के दौरान देश की आर्थिक स्थिति, जातीय जनगणना, चीन के साथ सीमा पर गतिरोध और अदाणी समूह से जुड़े नए खुलासों की पृष्ठभूमि में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग समेत नौ मुद्दों पर उचित नियमों के तहत चर्चा कराई जाए। सोनिया गांधी ने पत्र में कहा, रचनात्मक सहयोग की भावना के तहत मैं आशा करती हूं कि संसद के आगामी सत्र में इन विषयों पर चर्चा कराई जाएगी। उनकी इस चिट्ठी पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि किसी को भी इस विशेष सत्र को लेकर जानकारी नहीं थी। पहली बार ऐसा हो रहा है, जब विशेष सत्र को लेकर हमारे पास एजेंडे की कोई जानकारी ही नहीं है।

बता दें कि संसद के 18 सितंबर से शुरू होने जा रहे विशेष सत्र को लेकर लोकसभा और राज्यसभा ने अधिसूचना जारी की थी। पांच दिन



का यह सत्र 22 सितंबर तक चलेगा। लोकसभा एवं राज्यसभा सचिवालय ने यह जानकारी दी है। लोकसभा सचिवालय ने बताया था कि 17वीं लोकसभा का 13वां सत्र 18 सितंबर से शुरू होगा और सरकार के कामकाज को देखते हुए यह 22 सितंबर तक चलेगा। राज्यसभा सचिवालय ने अपने बुलेटिन में कहा, सदस्यों को सूचित किया जाता है कि राज्यसभा का 261वां सत्र 18 सितंबर से शुरू होगा।

सत्र 18,19, 20, 21 और 22 सितंबर तक चलेगा। इसमें कहा गया है कि सत्र आमतौर पर पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर एक बजे और फिर अपराह्न दो बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। मोदी सरकार के अब तक के कार्यकाल में पहली बार ऐसा संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। इससे पहले हालांकि जीएसटी के लागू होने के अवसर पर जून 2017 की मध्यरात्रि को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक बुलाई गई थी। विशेष सत्र के दौरान संसदीय कामकाज नए संसद भवन में स्थानांतरित हो सकता है जिसका उद्घाटन पीएम मोदी ने 28 मई को किया था।

## संसद के विशेष सत्र के दौरान एक राष्ट्र एक चुनाव का बिल पेश कर सकती है केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** देश में एक बार फिर एक राष्ट्र एक चुनाव मुद्दे पर चर्चा तेज हो गई है। केंद्र की मोदी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर दिया है। इस कमेटी में 7 सदस्य नामित किए गए हैं। रामनाथ कोविंद के आवास पर बुधवार को वन नेशन वन इलेक्शन समिति की पहली बैठक हुई, जिसके लिए अमित शाह एवं अर्जुन मेघवाल पहुंचे और प्रमुख एजेंडे पर विस्तार से चर्चा हुई। जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद मोदी सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाया है। ये सत्र 18-22 सितंबर तक चलेगा. बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार विशेष सत्र में एक राष्ट्र, एक चुनाव बिल पेश कर सकती है। केंद्र ने इस विधेयक की जांच के लिए एक 8 सदस्यीय समिति गठित की। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित कमेटी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी समेत कुछ 7 सदस्य बनाए गए हैं। इसे लेकर रामनाथ कोविंद के आवास पर आज सदस्यों की बैठक हुई।

वन नेशन वन इलेक्शन' समिति की पहली आधिकारिक बैठक के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के आवास पहुंचे। इस बैठक में रामनाथ कोविंद के साथ गृह मंत्री अमित शाह और कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल और लॉ सेक्रेटरी मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो इस मीटिंग में 13 सितंबर को होने वाली पहली संभावित मीटिंग के एजेंडे पर चर्चा की गई। एजेंडा तय होने के बाद पहली मीटिंग में कमेटी के सभी सदस्य औपचारिक तौर पर हिस्सा लेंगे। इससे पहले लॉ सेक्रेटरी, लेजिस्लेटिव सेक्रेटरी और अन्य संबंधित अधिकारियों ने 3 सितंबर को रामनाथ कोविंद के साथ मीटिंग की थी।




### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों के साथ की बैठक, दिए दो बड़े संदेश, बोले...

# सनातन धर्म पर उदयनिधि के बयान का सही से दें जवाब

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सनातन धर्म को लेकर खुद मोर्चा संभाल लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को मंत्रियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने अपने मंत्रियों को दो बड़े संदेश दिए। पीएम मोदी ने एनडीए के मंत्रियों से कहा कि सनातन धर्म पर उदयनिधि के बयान का सही से (तथ्यों के साथ) जवाब दिया जाए। इसके साथ ही पीएम मोदी ने भारत और इंडिया विवाद पर मंत्रियों को कुछ न बोलने की हिदायत दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने साथ ही अपने मंत्रियों से कहा कि अधिकृत व्यक्ति के अलावा कोई भी मंत्री जी-20 की बैठक पर न बोले।

पीएम मोदी की इन टिप्पणियों से साफ हो गया कि सनातन धर्म पर उदयनिधि के बयान को बीजेपी बड़ा मुद्दा बनाने के मूड में है। दरअसल,



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने एक कार्यक्रम में सनातन धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, डेंगू और मलेरिया से करते हुए इसे खत्म किए जाने की बात कही थी। इसपर बीजेपी के साथ-साथ धर्म गुरुओं ने भी उदयनिधि को घेरा हुआ है।

**भारत और इंडिया मामले पर मंत्रियों को दी हिदायत:** भारत की अध्यक्षता में 9 से 10 सितंबर तक दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडन सहित दुनिया भर के कई राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा लेंगे। 9 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से जी-20 रात्रिभोज का आयोजन किया जाएगा। इसके निमंत्रण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' के तौर पर संबोधित किया गया है। विपक्षी दलों ने 'प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' की जगह 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' लिखे जाने पर आपत्ति जताई है। उनका दावा है कि केंद्र सरकार विपक्षी गठबंधन इंडिया से डरकर देश का नाम बदलने की कोशिश कर रही है।

## कुशेस्वरस्थान पूर्वी प्रखंड के शाहपुर चौर के कमला नदी में डूबने से हुआ हादसा

# दरभंगा में नाव पलटी, 2 महिला व 3 बच्चों की मौत



- नाव में सवार होकर हटिया बाजार करने जाने के दौरान हुआ हादसा
- नाव पलटने के बाद कई लोग तैरकर निकल गए, वहीं कई लोग लापता हैं, इनमें चार बच्चे

**केटी न्यूज/पटना**

दरभंगा में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां नाव पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो महिला और तीन बच्चे शामिल हैं। घटना जिले के कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड में कमला नदी में हुई है। इस हादसे में पांच लोगों की डूबने से मौत हो गई जबकि अभी कई और लोग लापता बताए जा रहे हैं। कुशेश्वरस्थान बीडीओ किशोर कुमार ने पांच लोगों के मौत की पुष्टि की है। इसके साथ ही उन्होंने हादसे के शिकार हुए लोगों के परिजनों को जल्द से जल्द सरकारी सहायता देने की बात कही है।

बताया जाता है कि कुशेस्वरस्थान पूर्वी प्रखंड के झाझरा और गढेहपूरा के बीच शाहपुर चौर में ये बड़ा हादसा हुआ है। चौर में कमला व जीवछ नदी का पानी फैला हुआ है। ये हादसा तब हुआ जब ग्रामीण नाव पर सवार होकर हटिया बाजार करने जा रहे थे। इस दौरान कमला नदी में नाव अनियंत्रित हो जाने के कारण पलट गई जिससे उसपर सवार लोग पानी में डूबने लगे। नाव पलटने के बाद कई लोग तैरकर निकल गए. लेकिन इस दौरान दो महिला और तीन बच्चों की मौत हो गई। जबकि कई और लोग लापता है। लापता लोगों में चार बच्चे भी शामिल हैं।

वहीं गोपालगंज के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के खजुहट्टी दयागिरी गांव में खेलने के दौरान पानी से भरे पोखर में डूबने से एक 12 वर्षीय लड़के की मौक हो गई। बच्चे की पहचान कृष्ण सिंह के बेटे प्रीतम कुमार के रूप में हुई है।

### अचानक आई आंधी बनी हादसे की वजह

बताया जा रहा है कि अचानक से आये आंधी तूफान की वजह से नाव बीच नदी में अनियंत्रित हो गई, जिससे ये घटना हुई। घटना के बाद स्थानीय लोग राहत और बचाव कार्य में जुटे रहे। हादसे के शिकार हुए लोगों की पहचान महावीर यादव की पत्नी जगतारकन देवी, रामप्रसाद मुखिया की पत्नी , फुलपरी देवी वही बच्चों में रामशंकर यादव की पुत्री लक्ष्मी कुमारी, राजकिशोर यादव की पुत्री सोनाली कुमारी और बालेश्वर राम की पुत्री सोनिया कुमारी की मौत हो गई है। इस घटना के बाद मौके पर कोहराम मच गया है। जिलाधिकारी राजीव रौशन ने बताया कि पांच शव को स्थानीय गोताखोर की मदद से बरामद कर लिया गया है। सभी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद आपदा मद से सहायता दी जाएगी।

# सीएम नीतीश की अगुवाई में 11 व 12 को होगी जदयू नेताओं की बैठक

**केटी न्यूज/पटना**

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के अगुवा बने सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जदयू अपने संगठन को मजबूत करने की तैयारी में जुटी है। इसको लेकर जदयू बड़ी बैठक करने जा रही है। दो दिनों तक चलने वाली बैठक में प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक के बड़े नेता शामिल होंगे। यह सारी तैयारी लोकसभा चुनाव को लेकर है। कहा जा रहा है कि बैठक के दौरान सीएम नीतीश कुमार खुद से लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा करेंगे। दो दिनों तक चलने वाली इस बैठक पर नीतीश कुमार पूरी नजर रखेंगे। जदयू अपने सभी जिला अध्यक्षों के साथ 11 सितंबर के साथ बैठक करेंगे। वहीं 12 सितंबर को प्रखंड अध्यक्ष के साथ बैठक होगा। इस दौरान आगामी



लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक क्या-क्या तैयारी की जा रही है और क्या आगे करना है? इस पर चर्चा की जाएगी। सीएम नीतीश कुमार इस बैठक का नेतृत्व करेंगे।

इस बैठक पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पार्टी के कार्यकताओं से पार्टी के नेताओं से लगातार मिलते रहे हैं। संवाद स्थापित करते रहे हैं। बिहार के सभी जिला अध्यक्ष हैं और प्रमंडल प्रभारी के साथ 11 सितंबर को बैठक आयोजित की गई है। वहीं 12 सितंबर को प्रखंड अध्यक्ष और विधानसभा प्रभारी के साथ बैठक होगी। सभी प्रतिनिधि सीएम नीतीश कुमार से मिलेंगे। जदयू को मजबूत और धारदार बनाने के लिए सीएम नीतीश कुमार कुछ खास टिप्स देंगे। 2024 की तैयारी तो हमलोग कर रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार और महागठबंधन ने भाजपा हटाओ देश बचाओ₹, ₹भाजपा मुक्त देश बनाओ₹ का संकल्प लिया है। इस संकल्प को सफल बनाने के सिलसिले में संगठन के और भी कुछ बिंदु हैं उसे पर भी बात होगी।

### पितृपक्ष मेले का जायजा लेने कल गया जाएंगे सीएम नीतीश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पितृपक्ष मेला का भव्य शुभारंभ करेंगे। इससे पहले जायजा लेने के लिए 8 सितंबर को गया और बोध गया जाएंगे। वहां पितृपक्ष मेले की तैयारियों का जायाजा लेंगे। साथ ही महाबोधी टेंपल मे पूजा अर्चना भी करेंगे। इसके अलावा गया जी धाम निर्माण के लिए अधिकारियों से मीटिंग भी करेंगे। इसको लेकर एक अणे मार्ग मे सीएम नीतीश कुमार ने अपने नजदीकी मंत्री के साथ बैठक की है। इस दौरान मंत्री संजय झा, मंत्री विजय चौधरी के अलावा सीएम सचिवालय के अन्य अधिकारी मौजूद रहे हैं। पितृपक्ष मेले की शुरूआत 28 सितंबर से हो रही है। यह 14 अक्टूबर तक चलेगा।

# इंडिया शब्द से घबरा गई है भाजपा सरकार: ललन सिंह

**केटी न्यूज/पटना**

जी-20 के इन्विटेशन कार्ड पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' लिखे जाने के बाद शुरू हुआ सियासी घमासान जारी है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार इंडिया शब्द से घबरा गई है। साफ दिख रहा है कि यह लोग हताशा हैं इसलिए नाम बदल रहे हैं। लेकिन, नाम बदलने से क्या होगा? देश की जनता में उनके खिलाफ अविश्वास है उसको कहां से मिटाएंगे। वहीं पलटवार करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि भारत नाम से ही विपक्ष को परेशानी हो रही है। हमसब ने किसी का नाम कहां बदला है? भारत का नाम तो पहले से ही लोग बोलते रहे हैं? ललन सिंह और नीतीश जी ने खुद अपना नाम बदला लिया। इसलिए ऐसी बातें कर रहे हैं।

**ललन बोले- लोकतंत्र अपनी मर्जी से चलाना चाहते हैं यह लोग:** पटना एयरपोर्ट पर बुधवार को मीडिया से बातचीत के दौरान ललन सिंह ने भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को देश का सारा इतिहास बदला चाह रहे हैं। यह लोग अपना इतिहास बनाना चाहते हैं। भाजपा वाले चाहते हैं कि देश का इतिहास बापू के नाम से हटा करके नरेंद्र मोदी जी के नाम से कर दिया जाए। भाजपा सरकार संसद को, लोकतंत्र को खत्म कर रही है। लोकतंत्र अपनी मर्जी से चलाना चाहती है।

### हम सब ने किसी का नाम कहां बदला है: सम्राट

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि हम सब ने किसी का नाम कहां बदला है? भारत पहले से ही लोग बोलते रहे हैं। और लालू जी भी भारत का नाम लेते रहे हैं? यह भारत है और भारत में हम सभी रहते हैं। चाणक्य ने भी अखंड भारत का सपना देखा था और महात्मा गांधी ने भी भारत छोड़ो का नारा दिया था। सम्राट चौधरी ने तंज कसते हुए कहा कि ललन सिंह और नीतीश कुमार ने कई बार खुद अपना नाम बदला है। इतना ही नहीं लालू यादव ने खुद नीतीश कुमार का नाम बदलकर पलटू कुमार रखा है।

# जाति आधारित गणना को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 3 अक्टूबर को सुनवाई

**नई दिल्ली।** जाति आधारित गणना को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में फिर से सुनवाई हुई। कोर्ट ने यह सुनवाई 3 अक्टूबर तक के लिए टाल दी। साथ ही याचिकाकर्ता द्वारा आंकड़ा जारी करने की मांग की जा रही थी, उस पर भी आदेश नहीं दिया है। यानी सर्वे का आंकड़ा जारी करने पर अंतरिम रोक लगा ही रहेगा। अब अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी। इससे पहले 28 अगस्त को जातिगत जनगणना को लेकर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया था। इसमें सरकार ने कहा है कि जनगणना का अधिकार राज्यों के पास नहीं है। इससे पहले 21 अगस्त को सुनवाई हुई थी। इसमें जातीय गणना पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकओं पर कोर्ट ने सुनवाई की थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस भट्टी की अदालत से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसमें 7 दिन का समय मांगा था। इससे पहले कोर्ट में बिहार सरकार ने दलील देते हुए कहा कि राज्य में सर्वे का काम पूरा हो चुका है। सारे डाटा भी ऑनलाइन अपलोड कर दिए गए हैं।

# गुजरात के भुज से गायब पांचों बच्चे मुजफ्फरपुर से हुए बरामद

**केटी न्यूज/पटना**

गुजरात के भुज से गायब पांच बिहार के मुजफ्फरपुर से बरामद हुए हैं। बिहार रेल पुलिस ने पांचों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया है। रेल थाने में पांच बच्चों की काउंसलिंग की जा रही है। गुजरात पुलिस ने बताया सभी बच्चे (10 से 12 साल उम्र) भुज जिले के एक ही स्कूल में पढ़ते हैं। अचानक पांचों गायब हो गए थे।

रेल पुलिस की पूछताछ में बच्चों ने बताया कि सभी एक साथ घूमने के लिए निकले थे। दिल्ली घूमना था। पर, घर वाले नहीं मान रहे थे। इसके बाद सभी ने एक साथ घूमने के लिए जाने की योजना बनाई। इसके बाद वे लोग एक साथ भुज से तीन सितंबर को निकले थे। भुज से ट्रेन पकड़कर गांधीधाम गए। वहां से बस पकड़कर अहमदाबाद गए। अहमदाबाद में 37 सौ रुपए में सोने का गहना बेच दिया। इन पैसों जयपुर निकले। वहां से ट्रेन में बैठकर दिल्ली पहुंच गए। दिल्ली से बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस पकड़कर बिहार आए।

### पांच में से दो बिहार व तीन यूपी के रहने वाले

एक बच्चे ने बताया कि बिहार आने का कारण यह था कि हमलोगों पांचों में एक के रिश्तेदार छपरा के मकेर इलाके में रहते हैं। मुजफ्फरपुर स्टेशन से हमलोगों को मकेर जाना था। इसी क्रम हमलोगों की साथी बच्ची का साथ छूट गया। वह स्टेशन के पास रह गई। बच्ची को स्टैंड में टैक्सी चालक ने रोते देखा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दिया गया। मुजफ्फरपुर रेल पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में बच्ची को पकड़ा। उससे घर की जानकारी ली गई। इसी बीच गुजरात पुलिस से बिहार पुलिस ने संपर्क साधा। इसके बाद रेल एसपी के निर्देश पर अन्य बच्चों को भी बरामद किया गया। एक बच्चे के मकेर वाले रिश्तेदार को भी हिरासत में लिया गया है। बच्चों ने रेल पुलिस को बताया कि दो बच्चे बिहार के हैं। अन्य तीन उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सभी बच्चों के अभिभावक भुज में निजी कम्पनी में काम करते हैं। यहीं पर हम पांचों स्कूल में साथ पढ़ते हैं। इसी दौरान सबकी अच्छी जान पहचान हुई।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा
- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण

# बीएसएपी-4 में प्रशिक्षु जवानों को नहीं मिल रहा गुणवत्तापूर्ण खाना, सुधार का आदेश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

❐ अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण ने बीएसएपी-4 व एमपीटीसी के समादेष्टा को भेजा निर्देश का पत्र




डुमरांव के हरियाणा फार्म में स्थित बीएसएपी -4 तथा एमपीटीसी में चल रहे जवानों के पीटीसी प्रशिक्षण में सबकुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है। हाल ही में एडीजी प्रशिक्षण किशोर यादव ने पीटीसी प्रशिक्षण का निरीक्षण किया था। इस दौरान जवानों ने मेस के नाम पर लूट खसोट, गुणवत्ता पूर्ण खाना नहीं दिए जाने, पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने तथा उन्हें शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने जैसा आरोप लगाया था। तब अधिकारियों ने दोनों कंपनियों के समादेष्टा को इसमें सुधार लाने का निर्देश दिया था। बावजूद स्थिति सुधरी नहीं। वहीं अब अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण ने बीएसएपी-4 तथा एमपीटीसी के समादेष्टाओं क्रमशः रमाशंकर राय तथा वीणा कुमारी को पत्र भेज उन्हें निर्देश दिया है कि जवानों के पीटीसी प्रशिक्षण कार्य की गुणवत्ता व अनुशासन पर ध्यान दिया जाए।

**जवानों को नहीं मिलता गुणवत्तापूर्ण खाना :** जारी पत्र में यह भी बताया गया है कि जवानों ने मेस का संचालन बाहरी व्यक्ति से कराने तथा मेस संचालक द्वारा जवानों से प्रतिमाह 5700 रूपए लेने के बावजूद गुणवत्तापूर्ण खाना नहीं दिया जाता है तथा साफ सफाई नहीं रखा जाता है। पत्र के साथ एम्स पटना के मेस के मेनू चार्ट की प्रति भी दी गई है और बताया गया है कि एम्स पटना के मेस में प्रति व्यक्ति मात्र 4050 रूपए लिया जाता है तथा उसका मेनू पीटीसी प्रशिक्षुओं के मेनू से बेहतर है। पत्र में जवानों को बेहतर खाना देने, परिसर में बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगाने तथा जवानों से लिए गए अधिक पैसा को वापस कराने का निर्देश दिया गया है। वहीं अधिक पैसा वापस नहीं करने पर दोषी पर एफआईआर दर्ज कराने को भी कहा गया है। इसके अलावे शाम के समय उनके रॉल कॉल में अनावश्यक समय नहीं लेने के साथ प्रशिक्षण के दौरान जवानों को शारीरिक रूप से बहुत अधिक नहीं थकाने का भी निर्देश दिया गया है। वही पुलिस सभा में प्रशिक्षुओं को बैरक के पास वाले ग्राउंड में परेड कराने का भी निर्देश दिया है।

**प्रशिक्षुओं के समय का हो रहा नुकसान :** अपर पुलिस महानिदेश ने पहले से निर्देश के बावजूद बैरक के पास के बदले दूर वाले ग्राउंड में परेड कराने पर प्रशिक्षुओं के समय का नुकसान होने की बात कह अपनी नाराजगी भी जताई है। साथ ही, बताया है कि जवानों के शिकायत करने के बाद उन्हें जानबूझकर शारीरिक प्रताड़ना दी जा रही है। जो प्रशिक्षण के उद्देश्यों को भटकाने वाला कदम है। इसके अलावे रात में बिजली कटने पर जनरेटर की सुविधा देने, पेयजल के लिए आरो वाले पानी की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति करने को भी कहा है। उन्होंने परिसर में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाने तथा हथियारों के प्रशिक्षण के दौरान जवानों को पर्याप्त मात्रा में हथियार उपलब्ध कराने सहित कई अन्य निर्देश दिए गए है। पत्र में यह भी बताया गया है कि खराब खाना व परिसर में गंदगी के कारण जवान बीमार पड़ रहे है। अपर पुलिस महानिदेश प्रशिक्षण ने जवानों को बीमारी से बचाने का निर्देश भी दिया है।

## एक नजर

### 2047 तक भारत को परम वैभव के शिखर पर पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है युवा: सागर महेश्वरी

**बक्सर।** बुधवार को नगरपुरा में नेहरू युवा केंद्र बक्सर के द्वारा पंच प्रण पर युवा संवाद का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन एनवाइके बक्सर के जिला युवा समन्वयक सागर महेश्वरी व सिमरी बीडीओ शशिकांत शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। अपने संबोधन में जिला युवा समन्वयक ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पंच प्रण मिशन सम्पूर्ण भारत में एक साथ आयोजित किया जा रहा हैं। 15 अगस्त को लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सामने पंच प्रणों का आह्वान किया था। इसके तहत विकसित भारत के निर्माण का विराट लक्ष्य हो, गुलामी की हर सोच से मुक्ति हो, भारत की विरासत पर गर्व की भावना हो, देश की एकता और एकजुटता को निरंतर सशक्त करना हो और अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखना हो। इन पंच प्राणों की प्रेरणा से जो ऊर्जा निकलेगी, वो हमारे देश को वो ऊंचाई देगी, जिसका वो हमेशा से हकदार रहा है। इसके लिए आज देश का हर युवा कमर कस कर तैयार हो जाए। अगले 25 वर्ष के यात्रा को पूर्णकर 2047 तक भारत को परम वैभव के शिखर पर पहुँचाने के लिए हम सभी युवा इसके लिए कटिबद्ध है। वहीं उपस्थित लोगों को शपथ दिलायी गयी कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयास करता रहूंगा। राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों व दायित्वों का का पालन करूंगा। देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूंगा। मौके पर देवराज साह, गणेश कुमार, भोला मिश्र, धर्मराज चौरसिया, पवन तिवारी, भोलू गुप्ता, राहुल राय, अजीत राय, सालू कुमारी, तन्या कुमारी, अमृता कुमारी, श्वेता कुमारी, बंधन कुमार, रितेश मिश्र, भागीरथी मिश्र, मोहित राय, नीतीश राय, चंदन यादव, रामजी चौरसिया समेत अन्य दर्जनों युवा शामिल थे।



### इतना आसान नहीं है किसी को लालमुनी चौबे हो जाना, वो सुचिता के प्रतीक थ: उदय उज्जैन

**बक्सर।** बुधवार को लालमुनी चौबे स्मृति न्यास बक्सर द्वारा पूर्व सांसद लालमुनी चौबे की 81वी जयंती मनाई गई। जयंति समारोह आजिविका ट्रेनिंग सेंटर चरित्रवन बक्सर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व लालमुनी चौबे के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान भाजपा नेत्री सह प्रदेश प्रवक्ता रानी चौबे ने कहा कि मैं बचपन से उनके बारे में सुनते आ रही है। उनके जैसा चरित्रवान व सूचिता वाला नेता बार बार पैदा नहीं होते है। उन्होंने अफसोस जताया कि वे कभी उनसे मिल नहीं सकी थी। उन्होंने यह शपथ ली कि वो उनके नक्शे कदम पर चलने का प्रयास करेंगी। आजिविका के निदेशक मनोज कुमार राय ने कहा कि हमलोग के सौभाग्य रहा कि उनके संसदीय कार्यकाल उनके कार्य को देखने को मिला। राजनीति के काल कोठरी से बेदाग निकल गये जिनपे आज तक कोई दाग नहीं लगा। न्यास के संस्थापक अध्यक्ष उदय उज्जैन ने कहा कि जो व्यक्ति बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय से छात्र राजनीत से अपनी जीवन की राजनिति पारी की शुरूआत की, लेकिन कभी भी छात्र संघ की चुनाव नहीं लड़ा। उनका हर दल के बड़े नेताओं से मधुर सबंध था। वे बिहार में चैनपुर से 1969 मे विधायक बन गये वहीं से उनकी राजनीतिक पारी की शुरूआत हुई। वे चार बार विधायक रहे, बिहार सरकार मे स्वास्थ्य मंत्री रहे और लगातार चार बार सांसद रहे। उन्होंने कहा कि किसी को लालमुनी चौबे होना इतना आसान नहीं है। मौके पर न्यास के सचिव संजय मिश्र, न्यास के सदस्य अविनाश तिवारी, भरत चौधरी, पुनम तिवारी, शोभा मिश्रा, स्वेता देवी, रूपा कुमारी, दुर्गा देवी, अंजु पाठक, रूची कुमारी सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।

### मिट जाएंगे सनातन को मिटाने का प्रयास करने वाले: आदित्य

**बक्सर।** भाजपा नेता आदित्य चौधरी ने बुधवार को कहा कि सनातन धर्म अनादिकाल से है, सनातन धर्म की संस्कृति पूरे विश्व के लिए पथ प्रदर्शक एवं अनुकरणीय है। सनातन पर हिन्दूओं का अपमान करने वाले द्रमुख नेता उदयनिधि स्टॉलिन और प्रियांश खड़गे को अपने बयान पर देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। सनातन को खत्म करने का प्रयास करने वाले भ्रष्टाचारी और वंशवादी दलों का गठबंधन कभी सफल नहीं होंगे। सनातन धर्म सदियों से है और रहेगा, लेकिन इसे मिटाने का प्रयास करने वाले दल 2024 के लोकसभा चुनाव में खुद मिट जाएंगे या मिट्टी में मिल जाएंगे।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार भी स्टॉलिन और प्रियांश खड़गे के बयान का समर्थन कर रहे हैं। विपक्ष मोदी विरोध के बहाने सनातन धर्म को मिटाने का प्रयास कर रही है। जिसका बिहार में हिन्दू त्योहारों के छुट्टियों में कटौती देखने को मिला। जनता भी बिहार में चल रहे प्रोपगंडा समझ रही है। जिसका जवाब बिहार की जनता आने वाले चुनाव में देगी और चाचा-भतिजा को सबक सिखाने का काम करेगी।

## पुराने व जर्जर तार तथा ट्रांसफॉर्मर्स पर अत्यधिक लोड के कारण अक्सर गायब होते रहती है बिजली

# दस मिनट की आंधी पानी में पूरे दिन शहर की बिजली आपूर्ति रही बाधित, लोग हलकान

■ एडिशनल ट्रांसफार्मर व पोल लगाने में भी झेलना पड़ा लोड शेडिंग का दंश

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बुधवार की सुबह हुई मात्र 10 मिनट की बारिश व तेज हवा के बाद पूरे दिन शहर की बिजली आपूर्ति बाधित रही। लोगों इस दौरान तीन चार किश्तों में मात्र 15 मिनट से आधा घंटा ही बिजली मिल पा रही थी। वहीं, दूसरी तरफ कंपनी द्वारा शहर में बिजली आपूर्ति दुरूस्त करने के लिए एडीशनल ट्रांसफार्मर भी लगवाया जा रहा है। इसके लिए पोल गाड़ने तथा अन्य कार्यो में भी लोगों को लोड शेडिंग का दंश झेलना पड़ा। जिस कारण इस उमशभरी गर्मी में लोगों को पूरे दिन बिजली के अभाव में परेशान होना पड़ा। हालांकि यह एक दिन की समस्या नहीं है, बल्कि लोगों की मानें तो हल्की बारिश के बाद अक्सर शहर की बिजली आपूर्ति ध्वस्त हो जाती है। जबकि कंपनी के अधिकारी वर्षों से इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं खोज पा रहे है। बिजली के अभाव में लोगों की दिनचर्या व व्यवसाय भी बाधित हो रहा है। जिस कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

**जर्जर हो चुके हैं तार व ट्रांसफार्मर :** बता दें कि बिजली कंपनी द्वारा करीब एक दशक पहले केबल वाले तार लगाए गए थे। लेकिन इस दौरान ये तार काफी जर्जर हो गए है। तारों के उपर लगे केबल हट गए है। वहीं, अधिकांश स्थानों पर बिजली के तार अब लटकने व झूलने लगे है। जिससे हल्की हवा या बारिश में लोकल फाल्ट आने लगते है। जिसका असर बिजली आपूर्ति पर पड़ता है। शहर के अधिकांश ट्रांसफार्मर ओवर लोड के शिकार हो चुके है। जिस कारण अक्सर लोकल फाल्ट उत्पन्न होत है तथा आपूर्ति बाधित होती है। कंपनी सूत्रों की मानें तो एबी स्वीच के खराब होने से एक ट्रांसफार्मर में आई खराबी को दूर करने के लिए पूरे शहर की बिजली आपूर्ति रोकनी पड़ती है। बुधवार को भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। जब सुबह की बारिश के बाद पूरे दिन बिजली किश्तों में मिली। हालांकि शाम के पांच बजे के बाद स्थिति में थोड़ा सुधार देखने को मिला। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

**बिजली के अभाव में पेयजल के लिए परेशान हुए लोग :** पूरे दिन बिजली के नहीं रहने से लोग पेयजल के लिए परेशान थे। बता दें कि शहर के अधिकांश घरों में मोटर से ही पेयजल की आपूर्ति होती है। बिजली के अभाव में सभी को परेशान होना पड़ा। वहीं पूरे दिन रूक रूक कर हुई बारिश ने भी लोगों की परेशानियां दी।

### शुरू हुआ एडीशनल ट्रांसफार्मर लगाने का काम

बिजली कंपनी ने शहर की आपूर्ति दुरूस्त करने की कवायदें भी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एनसीसी कंपनी द्वारा शहर के चिन्हित जगहों पर एडीशनल ट्रांसफार्मर लगाने की कवायद शुरू कर दी है। बुधवार को कई जगहों पर एडीशनल ट्रांसफार्मर के लिए पोल गाड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसके कारण कई बार बिजली आपूर्ति थोड़ी पड़ी। उम्मीद जतायी जा रही है कि एडीशनल ट्रांसफार्मरों के लगने के बाद शहर की बिजली आपूर्ति दुरूस्त हो जाएगी।

### क्या कहते है जेई

" आंधी पानी के कारण कई जगहों पर पेड़ो की डाल टूट कर तारों पर गिर गया था। जिसे दुरूस्त कर लिया गया है। शहर की बिजली आपूर्ति दुरूस्त करने के लिए एडीशनल ट्रांसफार्मर लगवाया जा रहा है। एडीशनल ट्रांसफार्मरों के लगने के बाद शहरवासियों को निर्बाध गति से बिजली मिलेगी ।

*- मनीष कुमार, टाउन जेई, डुमरांव*

# जिले के टॉप टेन अपराधियों की फेहरिस्त में शामिल अनिरूद्ध राम गिरफ्तार, कट्टा व दो गोली बरामद

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल तथा अगस्त महीने में लूट की ताबड़तोड़ घटनाओं को अंजाम दे पुलिस के नाक में दम करने वाले कुख्यात को पुलिस ने दबोच लिया है। उसके पास से एक देशी कट्टा, दो गोली तथा 4500 रूपए नगद बरामद हुए है। उसकी गिरफ्तारी मंगलवार की शाम एसपी द्वारा गठित विशेष टीम ने राजपुर थाना क्षेत्र के गोसाईपुर पुल के पास से किया है। गिरफ्तार अनिरूद्ध राम उर्फ छोटू पिता नंदलाल राम नया भोजपुर का रहने वाला है। एसपी ने बुधवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी है। उस पर पिछले महीने के 23 अगस्त को राजपुर थाना क्षेत्र के सरेंजा में बैंक से रूपए निकाल घर जा रहे एक शिक्षक से कुख्यात मदन सोनार तथा दो अन्य लूटेरों के साथ मिल लूट की घटना को अंजाम देने के अलावे अकेले अगस्त महीने में ही लूट की आधा दर्जन घटनाओं में शामिल होने का आरोप है।

एसपी ने बताया कि जिले के टॉप टेन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अनिरूद्ध को इसी अभियान के तहत गुप्त सूचना पर राजपुर के गोसाईपुर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। उसे गिरफ्तार करने वाली टीम में बक्सर सदर एसडीपीओ गोरख राम, डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, बक्सर सर्किल इंस्पेक्टर मनोज कुमार, राजपुर थानाध्यक्ष राजेश मालाकार समेत डीआईयू व राजपुर पुलिस टीम के तेज तर्रार पदाधिकारी शामिल थे।

**अगस्त में लूट की ताबड़तोड़ घटनाओं को अंजाम दे सुर्खियों में आया था :** बता दें कि अगस्त महीने में जिले के अलग थाना क्षेत्रों में लूट की ताबड़तोड़ घटनाए हुई थी। इन घटनाओं में 12 अगस्त को सोनवर्षा ओपी क्षेत्र में स्वर्ण व्यवसायी से हुई लूट की वारदात के अलावे, 2 अगस्त को धनसोई थाना क्षेत्र में रोहतास के किराना व्यवसायी, 29 अगस्त को सरेंजा में शिक्षक से लूट, 12 अगस्त को ही रोहतास के दिनारा थाना क्षेत्र में लूट की घटनाओं के साथ ही अनिरूद्ध ने इस वर्ष 21 मार्च को बक्सर नगर थाना क्षेत्र में हुए लूट की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकारी है। उसे गिरफ्तार करने के बाद पुलिस अब कुख्यात मदन सोनार समेत गिरोह के अन्य सदस्यों को दबोचने के प्रयास में जुट गई है। एसपी ने उसे गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम की सराहना की है।

### मिठाई के मोलभाव को लेकर झड़प, केस दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के नोनियाडेरा गांव में एक मिठाई दुकानदार से मोलभाव को लेकर खरीदार की झड़प होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में मिठाई दुकानदार संतोष गोंड ने एक युवक के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर छानबीन में जुट गयी है। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मैं अपने भाई के दुकान पर बैठाकर कारोबार कर रहा था। उसी दौरान जागा चौधरी नामक युवक आ पहुंचा और मिठाइयों का दाम पूछने लगा। दाम बताने के बाद वह मोलभाव करने लगा। गाली-गलौज करते हुए मिठाइयों के दाम ज्यादा होने की बात कहीं। जब मैंने इसका विरोध किया तो मेरे साथ मारपीट कर मुझे जख्मी कर दिया। शोरगुल सुनकर राहगीर पहुंचे। भीड़ जुटने के बाद वह भाग खड़ा हुआ। नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि दुकानदार के आवेदन पर पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।




## फाइलेरिया के मरीजों को एमएमडीपी किट का अनिवार्य रूप से करना चाहिए प्रयोग

# हाथीपांव से बचाव को इलाज व साफ सफाई जरूरी

**केटी न्यूज/बक्सर**




आज के दौर में अस्वास्थ्यकर आहार और शारीरिक निष्क्रियता के कारण लोग ज्यादा बीमार होने लगे हैं। वहीं, कुछ बीमारियां ऐसी हैं, जो वेक्टर जनित होती हैं। जिसमें फाइलेरिया के प्रमुख रोग है। फाइलेरिया को बोलचाल की भाषा में हाथीपांव रोग भी जाना जाता है। यह बीमारी मच्छर के काटने से फैलती है। यह एक ऐसी घातक बीमारी है, जो शरीर को धीरे-धीरे खराब करती है। इस वजह से इस बीमारी का पता समय पर नहीं लग पाता और कुछ समय बाद यह काफी फैल जाती है।

वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दीर्घकलिक दिव्यांगता की एक बड़ी वजह फाइलेरिया है। हालांकि, समय पर फाइलेरिया का पता चल जाता है, तो इसका प्रबंधन संभव है। फाइलेरिया के कारण इंसान कुरूप, त्वचा मोटी और हाथ-पैरों और प्रजनन अंगों को प्रभावित करती है, जिससे अंगों में सूजन बढ़ जाता है। फाइलेरिया मुख्यतः मनुष्य के शरीर के चार अंगों को प्रभावित करता है। जिसमें पैर, हाथ, हाइड्रोसील एवं महिलाओं का स्तन शामिल हैं। हालांकि, मरीजों द्वारा फाइलेरिया से बचाव के लिए दवाओं का सेवन करने के साथ एमएमडीपी किट के इस्तेमाल से इसका प्रभाव कम होने की संभावना रहती है।

**लक्षण दिखने में लग जाते हैं सालों :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया का संक्रमण किसी भी उम्र में हो सकता है। मगर इसके लक्षण दिखने में सालों लग जाते हैं। इसके लक्षण कभी भी स्पष्ट दिखाई नहीं देते। हालांकि, बुखार, बदन में खुजली और पुरुषों के जननांग और उसके आस-पास दर्द व सूजन की समस्या दिखाई देती है। फाइलेरिया व्यक्ति को विकलांग बनाने के साथ-साथ मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव डालती है। उन्होंने बताया कि जिले फाइलेरिया बीमारी से निपटने के लिए 20 सितंबर से जिले में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम में शुरू हो रहा है। जिसमें लोगों को दवाओं का सेवन कराने के साथ उन्हें फाइलेरिया से बचाव की भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी को इस बीमारी के लक्षण नजर आते हैं तो वे घबराएं नहीं। स्वास्थ्य विभाग के पास इसका पूरा उपचार उपलब्ध है। विभाग स्तर पर मरीज का पूरा उपचार निःशुल्क होता है।

घड़ी की तीनों सुईयां एक सीध में होते ही राजगढ़ परिसर स्थित बांके बिहारी का मंदिर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। हजारों लोगों ने करतल ध्वनियों से नटवर नागर लीलाधारी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशिया मनाई। अवसर था श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का। श्रद्धालु महिलाओं ने मांगलिक गीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया



# नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की... से देर रात गूंजी फिजा

## मध्य रात्रि में बांके बिहारी के जयघोष व मांगलिक गीतों से गूंज उठा राजगढ़ का परिसर

**केटी न्यूज/बक्सर/डुमरांव**

बुधवार की मध्य रात्रि जैसे ही घड़ी की तीनों सुईयां एक सीध में हुई राजगढ़ परिसर स्थित बांके बिहारी का मंदिर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। वहां मौजूद हजारों लोगों ने करतल ध्वनियों से नटवर नागर लीलाधारी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशिया मनाई। अवसर था श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का।श्रद्धालु महिलाओं ने मांगलिक गीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके पहले शाम से ही मंदिर में स्थापित बांके बिहारी की प्रतिमा को सजाकर झांकी के रूवरूप में बाहर निकाला गया था। जहां शाम से ही श्रद्धालु दर्शन व पूजन करने आ रहे थे। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। मध्य रात्रि तक श्रद्धालु टस से मस नहीं हो रहे थे। जैसे ही घड़ी में 12 बजा श्रद्धालु बांके बिहारी का जयघोष करने लगे। देर तक करतल ध्वनियों से भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियां मनाई गई। वही मौके पर मौजूद श्रद्धालु महिलाओं द्वारा नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की.... आदि एक से बढ़कर एक सोहर ( जन्मोत्सव का मांगलिक गीत ) गाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। इस दौरान राज परिवार के साथ ही शहर के गणमान्य व हजारों श्रद्धालु मौजूद थे। जो भजन, कीर्तन व आरती के बाद ही वहां से अपने घर लौटे। इस दौरान राजगढ़ परिसर की शोभा व मूर्तियों की झांकियां देखते ही बनती थी।



### 200 वर्षों से चली आ रही परंपरा राज परिवार करता है नेतृत्व

बता दें कि राजगढ़ में बांके बिहारी के मंदिर की स्थापना 1825 में तत्कालीन डुमरांव महाराज जय प्रकाश सिंह ने कराया था। तब इस मंदिर के गुंबद को सोने का तथा मुख्य दरवाजे को चांदी का बनाया गया था। आज भी मंदिर का गुंबद व दरवाजा लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहता है। मंदिर की बनावट, भव्यता व नक्काशी लोगों को बरबस ही अपने तरफ आकर्षित करता है। बता दें कि शहनाई नवाज उस्ताद विस्मिल्लाह खां राजगढ़ के इसी बांके बिहारी मंदिर परिसर से अपने पिता के साथ शहनाई बजाना सिखते थे। बाद में वे इस सुषीर वाद्य की फनकारी के बदौलत भारत रत्न से सम्मानित हुए थे।



### प्रशासनिक व्यवस्था रही काबिले तारीफ

जन्माष्टमी के मौके पर प्रशासनिक व्यवस्था भी काबिले तारीफ रही। एक दिन पहले ही एसडीओ कुमार पंकज व एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने यहां पहुंच मंदिर का निरीक्षण किया था तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से कई आवश्यक निर्देश दिए थे। स्थानीय पुलिस के अलावे बीएसएपी-4 के जवानों तथा कई अन्य थानों की पुलिस को भी मंदिर की व्यवस्था में शाम 5 बजे से रात दो बजे तक तैनात किया गया था। इस दौरान विधि व्यवस्था व भीड़ के मद्देनजर राजगढ़ परिसर में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। वही राजगढ़ के फाटक के बाहर मेला जैसा नजारा बना हुआ था। जन्माष्टमी पर पूरा शहर उत्साह से भर गया था तथा भक्तिरस की अविरल धारा बह रही थी।



श्री कृष्ण, राधा और सुदामा बने बच्चे



श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दुकान से सजावट की सामग्री खरीदते लोग।



जन्माष्टमी पर सजाया गया झूला।

## राधा कृष्ण के रूप में बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध



**बक्सर।** जिला मुख्यालय के नया बाजार स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा के रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार मिश्र ने किया। इस दौरान राधा एवं श्रीकृष्ण के विभिन्न मनमोहक रूपों में दो दर्जन से अधिक बच्चों ने भाग लिया। भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा के रूप में बच्चों को देखकर उपस्थित लोग मंत्र मुक्त हो गए।



### प्रतियोगिता से बच्चों में होता है आध्यात्मिक भाव का विकास : प्रधानाचार्य

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से बच्चों में आध्यात्मिक भाव का विकास होता है। जिसे संस्कृति और सभ्यता की रक्षा होती है। इस प्रतियोगिता में शाश्वत कुमार, अंशिका दुबे प्रथम, उमंग दुबे, परिधि कुमारी द्वितीय एवं निशु कुमार, गीतांजलि कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, गोपी के रूप में अंशिका शर्मा एवं आश्वी शर्मा ने स्थान प्राप्त किया। सफल छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर रोहिणी पाठक, चांदनी कुमारी, अभय नारायण पांडेय, देवेंद्र वर्मा, रोहिणी कुमारी समेत अन्य अभिभावक एवं शिक्षक मौजूद थे।



राधा कृष्ण पोज में बच्चे



# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**केटी न्यूज/बक्सर**

- हनुमत धाम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

सदर प्रखंड स्थित हनुमत धाम मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कथा का श्रवण कर वहां मौजूद श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस दौरान बक्सर वाले पूज्य श्री मामा जी महाराज के प्रथम दुलारे शिष्य श्री राम चरित्र दास जी महाराज उर्फ महात्मा जी ने कथा के दौरान बताया कि कंस अपनी बहन देवकी का विवाह धूमधाम से करता है।

देवकी को ससुराल ले जाते समय आकाशवाणी होती है कि देवकी का आठवां पुत्र उसका काल होगा। यह सुनकर कंस देवकी और बहनोई वासुदेव को कारागृह में डाल देता है। देवकी के सात बच्चों को कंस मार देता है, लेकिन आठवें पुत्र के रूप में भगवान विष्णु के अवतार लेते ही कारागृह के ताले अपने आप खुल जाते हैं। सभी सिपाही गहरी निद्रा में सो जाते हैं। फिर वासुदेव गोकुल में जाते हैं और वासुदेव कृष्ण को गोकुल में माता यशोदा के पास पहुंचा देते हैं। माता यशोदा के यहां से माया रूपी बच्ची को लाते हैं।



कारागृह में प्रवेश करते ही फिर सारे कारागृह के ताले बंद हो जाते है कंस के सिपाही/ पहरेदार पुनः जागृत अवस्था में आ जाते है माया रूपी बच्ची रोना शुरू कर देती हैं जिससे सैनिकों को पता चल जाता है कि देवकी का आठवां लाल जन्म ले चुका है। वे तुरंत महाराज कंस को खबर देते है। कंस कारागृह में प्रवेश करता है और उस माया रूपी बच्ची को देवकी से छीनकर पटकने ही वाला होता है कि माया रूपी बच्ची गायब हो जाती है। उसके बाद आकाशवाणी होती है कि हे मूर्ख कंस तुझे मारने वाला जन्म ले चुका है। कंस विचलित हो उठता है। उसके बाद कंस अपने सिपाहियों को आस पास के गांवों में जन्म लेने वाले बच्चों के बारे में पता करने के लिए कहता है। उसे पता चलता है कि गोकुल में बाबा नंद के यहां बच्चे का जन्म हुआ है तो अपनी बहन पूतना को कृष्ण को मारने के लिए भेजता है, लेकिन भगवान कृष्ण पूतना को मार देते हैं।

वहीं, भगवान के जन्म के बाद बधाई गीतों से मंदिर परिसर गूंज उठता है। लोग नाचने लगते है। नंद के घर हो रही जय-जयकार और नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की.... बधाई गीतों से सभागार गूंजने लगता है।

# अलग-अलग रंगों में बनेगा तीन अस्थायी वेंडिंग जोन, शिफ्ट होंगे फुटपाथी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर को अतिक्रमणमुक्त और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए डुमरांव नगर परिषद ने मास्टर प्लान तैयार कर कवायद शुरू कर दी है। शहर के तीन जगहों पर अस्थायी वेंडिंग जोन का निर्माण कराया जायेगा, जिसमें सड़क किनारे सब्जी व फल बेचने वाले फुटपाथियों को जगह देकर शिफ्ट करने की योजना बनी है। पहला वेंडिंग जोन का निर्माण नया थाना के पास होगा, जो पीले रंग में दिखेगा, दूसरा वेंडिंग जोन चकबंदी कार्यालय के समीप बनाया जायेगा, जिसको हरे रंग के लुक में ढाला जायेगा और तीसरे वेंडिंग जोन के लिए छठिया पोखरा को चयनित किया गया है, यह वेंडिंग जोन नीले रंग का बनेगा। नप प्रशासन इन जगहों के चयन के बाद साफ-सफाई का कार्य शुरू कराया है। नप प्रशासन ने बताया कि अस्थायी वेंडिंग जोन बनाकर शहरी फुटपाथियों को शिफ्ट किया जायेगा। इसमें नप पहले आओ-पहले पाओ की नीति अपनायेगी। एक बार वेंडिंग जोन में शिफ्ट होने के बाद दूसरे वेंडिंग जोन में उस फुटपाथी को जगह नहीं दी जायेगी। सिस्टम लागू होने के बाद अगर कोई भी फुटपाथी




दुकानदार मुख्य सड़कों के किनारे फुटपाथ पर अपना दुकान लगाया तो उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला जायेगा। नगर परिषद प्रशासन ठेला पर फल और सब्जी बेचने वाले दुकानदारों का सर्वे करेगी। सर्वे के बाद नप व्यवसाय में आने वाले ठेला पर नंबर प्लेट लगायेगी और वेंडिंग जोन में इन ठेला चालकों की भी जगह निर्धारित करेगी। शहरवासी फल और सब्जी की खरीदारी अपने नजदीक के वेंडिंग जोन से करेंगे। अब सड़को पर ठेला व सब्जी दुकान लगाने वालों के खिलाफ नप सख्ती बरतेगी।

**चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान :** जिलाधिकारी के निर्देशों के बाद डुमरांव में भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए नप और अनुमंडल प्रशासन ने मंथन शुरू कर दिया है। इस अभियान को धरातल पर उतारे जाने की योजना बनायी जा रही है। इस बार मुख्य सड़कों पर मापी कराकर प्रशासन अतिक्रमण हटायेगा। शहर के जूझते जाम और अतिक्रमण की समस्या को लेकर जिलाधिकारी ने अनुमंडल प्रशासन को सख्त लहजे में निर्देश दिया है, जिसके आलोक में प्रशासन अपनी रणनीति बनाने में जुटी है।

**क्या कहते है ईओ**

“ शहर को जाम व अतिक्रमण की समस्या से निजात पाने के लिए योजना तैयार की गयी है। फुटपाथियों को रोजगार के लिए तीन जगहों पर अस्थायी वेंडिंग जोन की कवायद शुरू की गयी है, जहां उन्हें शिफ्ट किया जायेगा। जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा।

*– अनिरुद्ध कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नप, डुमरांव।*

## एक नजर

### घर में बल्ब जलाने के दौरान हुआ शॉर्ट-सर्किट स्पर्शाघात से महिला की मौत, मचा कोहराम

**आरा।** भोजपुर के करनामेपुर ओपी क्षेत्र के कदमडेरा (लक्ष्मीडेरा) गांव में बुधवार की शाम करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतका कदमडेरा (लक्ष्मीडेरा) गांव निवासी संतोष यादव की 40 वषीर्या पत्नी मीना देवी थी। संतोष यादव ने बताया कि शाम में घर के सभी बच्चे पढ़ने गए थे। वह अपने काम से बाहर गया था और



उसकी पत्नी घर में खाना बना रही थी। उस दौरान उनकी पत्नी बल्ब जलाने के लिए गई। तभी शॉर्ट सर्किट हो गया और वह करंट की चपेट में आ गई। उससे वह बुरी तरह झुलस गई। कुछ देर बाद बच्चे और वह घर पर पहुंचे, तो देखा कि उसकी पत्नी बेहोश पड़ी। उसके बाद उसे इलाज के लिए आनन-फानन में शाहपुर रेफरल अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों की ओर से उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जाता है कि महिला को पुत्री अनुष्का, अंशु, पुत्र गोलू और मिथिलेश है। हादसे के बाद महिला के घर में कोहराम मच गया है।

### कार से 182 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद फरार तस्करों की गिरफ्तारी को छापेमारी जारी

**आरा।** धोबहां-सरैयां में रोड से ओपी पुलिस द्वारा एक मारुति कार से 182 लीटर अंग्रेजी शराब की बरामद की गयी है। हालांकि तस्कर पकड़ में नहीं आ सके। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि मंगलवार की रात सूचना मिली कि धोबहां ओपी इलाके में कार से अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही है। उस आधार पर तस्करों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर ओपी इंचार्ज के नेतृत्व में टीम कर छापेमारी शुरू की गयी। उस क्रम में धोबहां-सरैया रोड से पुलिस ने एक मारुति कार पकड़ी गयी। तलाशी के दौरान कार से 150 एमएल की एक हजार आठ पीस एटीएम फ्रुटी शराब बरामद की गयी। एसपी ने बताया कि तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। बता दें कि भोजपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उसके तहत हाल के दिनों में दो जगहों शराब की बड़ी-बड़ी खेप जब्त की गयी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

**आरा।** शहर से सटे पिपरहियां स्थित चालिसवा पुल के समीप ट्रेन की चपेट में आने से 45 वर्षीय एक युवक व्यक्ति की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह युवक पिपरहियां गांव स्थित चालिसवा पुल के समीप वह रेलवे ट्रेक पार कर रहा था। उसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गए और बुरी तरह घायल हो गए। उसके बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गय। वहां डाक्टरों की ओर से उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस युवक की पहचान और मामले की छानबीन में जुड़ गई है।

## ईदगाह से लालगंज कड़वी तक गायब हो गई सड़क किनारे की चाट

# हल्की बारिश में मुख्य सड़क पर जमा हो रहा बारिश का पानी, चौपट हो रही सड़क

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में जलजमाव की समस्या दशकों पुरानी है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से गली मोहल्लों की कौन कहे बल्कि हल्की बारिश में मुख्य पथ जलमग्न हो जा रहा है। खासकर ईदगाह से लेकर लालगंज कड़वी के आगे जतकुटवा बस्ती तक आधा दर्जन ऐसे जगह है जहां हल्की बारिश के बाद भी स्टेशन रोड में जलजमाव हो जा रहा है। जानकारों की मानें तो इसका मुख्य वजह स्टेशन रोड के किनारे के चाटों का अतिक्रमण है। स्थानीय निवासी सड़क के दोनों किनारे के चाटों में मिट्टी डाल उसका अतिक्रमण कर लिए है। कई जगहों पर तो चाट की उंचाई सड़क के बिल्कुल बराबर हो गई है। जिस कारण हल्की बारिश के बाद सड़क पर जलजमाव हो जा रहा है। इससे सड़क का अस्तित्व भी चौपट हो रहा है। अतिक्रमणकारियों



■ **आवागमन बाधित होने के बढ़ रही सड़क दुर्घटना की संभावना**

पर नगर परिषद प्रशासन की मेहरबानी से उनका मनोबल बढ़ा हुआ है।

**चाट का अतिक्रमण कर हो रहा व्यवसायिक उपयोग :** ईदगाह से विष्णुमंदिर तक सड़क के किनारे जो चाट बनाए गए थे उसका अतिक्रमण कर व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। सबसे अधिक अतिक्रमण ईदगाह से अंजान ब्रह्म बाबा मंदिर तक हुआ है। यहां चाट में ही आधा दर्जन से अधिक दुकानें संचालित हो रही है।

**इन जगहों पर होता है जलजमाव :** स्टेशन रोड में ईदगाह से राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल तक, लालगंज कड़वी के ठाकुरबाड़ी के पास विष्णु मंदिर तथा जतकुटवा बस्ती ऐसे इलाके है जहां हल्की बारिश के बाद भी मुख्य पथ पर जलजमाव हो जा रहा है। यही कारण है कि इन जगहों पर सड़क पर बड़े बड़े गड्ढें उभर आए है। जिस कारण आवागमन बाधित होने के साथ ही सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### चौपट हो गया शहर का ड्रेनेज सिस्टम

जलजमाव की समस्या न सिर्फ मुख्य सड़क तक सीमित है बल्कि शहर के अधिकांश गली मोहल्लों में भी यह नासूर बन चुका है। स्टेशन रोड के अलावे मुख्य मंडी राजगोला रोड, नया तालाब रोड, साफाखाना रोड, लालगंज कड़वी का मुख्य पथ, खिरौली पथ, टेक्सटाईल कॉलोनी, सुमित्रा कॉलेज पथ के अलावे कई अन्य गली मोहल्लों में भी जलजमाव से स्थिति नारकीय हो जा रही है। बताया जाता है कि शहर का ड्रेनेज सिस्टम चौपट हो गया है। सेंट्रल नाला के अतिक्रमण के साथ ही शहर के विभिन्न मोहल्लों में सड़कों के किनारे बनी नालियों के पानी का निकास नहीं है। जिस कारण जलजमाव की समस्या अब नासूर बन गई है। नगर परिषद प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने से स्थिति गंभीर बनते जा रही है।

## अंग्रेजों की तरह इंडिया का नामकरण कर रहा विपक्ष: अनिल शर्मा

**जहानाबाद।** देश में इंडिया और भारत को लेकर बयानों का घमासान मचा हुआ है। इसी कड़ी में जहानाबाद पहुंचे भाजपा के दक्षिण बिहार प्रभारी एवं विधान परिषद अनिल शर्मा ने कहा कि इंडिया का नामकरण अंग्रेजों के द्वारा किया गया था और अब भारतीय जनता पार्टी अंग्रेजों के इस इंडिया नाम को बदलकर भारत कर रहा है। इसमें विरोधियों को किसी प्रकार का कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए लेकिन पिछले कई दिनों से विपक्ष के लोग इंडिया को लेकर तरह-तरह के बयान दे रहे हैं।

भाजपा नेता ने जोर देते हुए कहां की सबसे पहले ईस्ट इंडिया का नाम अंग्रेजों ने दिया था। उसके बाद अब महागठबंधन का नाम बदलकर इंडिया कर दिया गया। विपक्ष के लोग दूसरे अंग्रेजों के रूप में इंडिया का नामकरण कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में बीजेपी इंडिया को भारत नाम करण कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा के चुनाव में बिहार के सभी 40 सीटों पर भाजपा गठबंधन के लोग विजय का पताका लहराएगी। साथ ही साथ अनिल शर्मा ने कहा कि मेरे जिम्मे भाजपा ने बड़ी जिम्मेदारी दी है, जिसके लिए वो पूरी ताकत झोंक देंगे।

## टेहटा हाई स्कूल में मनमानी व वित्तीय अनियमितता की हो जांच: मुकेश कुमार

**केटी न्यूज/जहानाबाद।**

मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत टेहटा स्थित सुखदेव प्रसाद वर्मा 10+2 विद्यालय में तमाम हिदायत के बावजूद प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा बरती जा रही वित्तीय अनियमितता व मनमानी को लेकर विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्य मुकेश कुमार गौतम ने बिहार के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव और जहानाबाद के जिला पदाधिकारी को मेल भेज कर पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है।

भेजे गए मेल में उन्होंने उल्लेख किया है कि वे उक्त विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन क्रियान्वयन समिति के सदस्य हैं। उक्त विद्यालय में रमाकांत प्रसाद काफी लंबे समय से प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। उनका घर पास के ही गांव सुगांव में ही है और स्थानीय होने के कारण विद्यालय में वे काफी मनमानी करते हैं। लगातार हिदायत के बाद भी उनके द्वारा विद्यालय विकास कोष की राशि में भारी पैमाने पर वित्तीय अनियमितता बरती जा रही है। विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक भी अपनी मर्जी से बुलाते हैं। इनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 में विद्यालय विकास कोष की राशि से बनाए गए विद्यालय गेट, 200 जोड़ा बेंच एवं पंखा की खरीदारी में भारी वित्तीय अनियमितता बरती गई है। समिति के निदेशों का उल्लंघन कर वह लगातार मनमानी कर रहे हैं। सामग्री की खरीदारी में ना तो क्रय समिति के सदस्यों से कोई विचार विमर्श किया जाता है और न हीं उनकी सहमति ली जाती है। ज्ञात हो कि लगभग 10 लाख रुपये की लागत से विद्यालय में गेट का निर्माण हुआ है, जिसमें प्रभारी प्रधानाध्यापक और कनीय अभियंता ने मिलकर भारी राशि का बंदरबाट कर लिया है। इसके अलावा लगभग छह लाख की लागत से 200 जोड़ा बेंच बनाया गया है, जो काफी घटिया किस्म का है, जिसकी जांच की जा सकती है। इसमें भी प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा काफी वित्तीय अनियमितता की गई है और मोटा कमीशन खाकर घटिया सामान की खरीदारी की गई है।

## संगठन को सशक्त बनाने के लिए पार्टी के कार्यक्रम को गांव गांव तक पहुंचाएगी भाजपा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

बिहार विधान परिषद सदस्य सह राजभाषा समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा जी को दक्षिण बिहार प्रांत का संयोजक एवं राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग के पूर्व सदस्य डॉ योगेंद्र पासवान जी को प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने के उपरांत अपने गृह जिला जहानाबाद की पावन धरती पर आगमन के उपरांत भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के द्वारा जगह जगह पर भव्य स्वागत किया गया जिसमे काको मोड पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलाद भारद्वाज जी के नेतृत्व में किया गया। उसके उपरांत अरवल मोड पर युवा मोर्चा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया तथा कार्यालय जाने के क्रम में बभना में अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के संयोजक शिबू चौधरी एवं अन्य कार्यकताओं द्वारा स्वागत किया गया इसके उपरांत पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष अजय कुमार देव के नेतृत्व में फूल मालाओं से जोरदार अभिनंदन किया गया।



जिलाध्यक्ष अजय कुमार देव की अध्यक्षता में बिहार विधान परिषद सदस्य दक्षिण बिहार प्रांत के संयोजक अनिल शर्मा का अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया। साथ ही प्रदेश प्रवक्ता पद पर मनोनीत होने पर राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. योगेंद्र पासवान को जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कांत राय के द्वारा अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया। बिहार विधान परिषद सदस्य दक्षिण बिहार प्रांत संयोजक अनिल शर्मा ने भाजपा की सांगठनिक मजबूती पर चर्चा की और संगठन को सशक्त बनाने के लिए पार्टी के कार्यक्रम को विशेष तौर पर गांव गांव में पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों, असहायों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाकर उन्हें उसका अधिक से अधिक लाभ दिलाने में मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि मेरे जैसा साधारण कार्यकर्ता को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने बिहार विधान परिषद सदस्य दक्षिण बिहार प्रांत का संयोजक का दायित्व देकर यह बता दिया है कि सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास मूल मंत्र पर भारतीय जनता पार्टी काम करती है और आने वाले 2024 के चुनाव में पुनः यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी पर विश्वास करते हुए भारतीय जनता पार्टी केंद्र में फिर से पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।









## जहानाबाद के गोनवां पंचायत के रसीदपुर दलित टोला में अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन

# संविधान को खत्म करने की साजिश रच रही भाजपा: सुदय

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

राष्ट्रीय जनता दल ने सदर प्रखंड के गोनवां पंचायत के रसीदपुर दलित टोला में रविवार को डॉ भीमराव अंबेडकर पर पंचायत स्तरीय परिचर्चा का आयेजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव सहित कई लोगों ने सर्वप्रथम बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया।

विधायक सुदय यादव ने कहा कि बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पंचायत स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, ताकि दलितों, शोषितों को मुख्यधारा में जुड़ने का मौका मिलें। विधायक ने कहा कि भीमराव



अंबेडकर के विचार एवं उनके द्वारा भारतीय संविधान में दिए गए समता स्वतंत्रता भाईचारा एवं न्याय के अधिकार को भाजपा एवं आरएसएस के लोग खत्म करने की साजिश रच रहे हैं। जिन्हें नाकाम करना राजद की पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने मौजूद लोगों से आह्वान करते हुए कहा देश में मनुस्मृति के विधान को लागू कर वर्ण एवं जाति भेद की व्यवस्था को पुनर्स्थापित करने के लिए साजिश रच रहा है। उन्होंने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव के निर्देश पर बिहार एवं जिला से लेकर गांव तक अंबेडकर परिचर्चा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन एवं राजनीतिक तथा आर्थिक परिवर्तन की लड़ाई को मजबूती प्रदान करने के लिए राजद अभियान चला रहा है। सामाजिक न्याय एवं संप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए राजद कार्यकताओं को एससी एसटी ओबीसी एवं अल्पसंख्यक समुदाय को मनुवादी व्यवस्था के खिलाफ संविधान को बचाने के लिए एकजुट होना पड़ेगा।

उन्होंने कहा भाजपा के लोग देश में बेरोजगारी, भूखमरी, किसानों की समस्या, सरकारी संपत्ति को बेचकर एससी एसटी एवं ओबीसी के आरक्षण को समाप्त कर इस समुदाय के खिलाफ हो रही साजिश को नाकाम करना होगा। विधायक ने कहा कि राजद एक अकेली पार्टी है जो अनुसूचित जाति जनजाति एवं अल्पसंख्यकों के हित के लिए डॉ. अंबेडकर के संविधान एवं उनके सपनों को साकार करने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कार्यकताओं से अबंडेकर जी के विचारों से बहुजनों, गरीबों, शोषितों को अवगत कराने की बात कही। कार्यक्रम में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान में दिए गए अधिकारों की रक्षा का संकल्प लेने के साथ ही लालू यादव एवं तेजस्वी यादव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर राजद जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर, प्रधान महासचिव परमहंस राय, कमलेश राय, जनकदेव यादव, विन्दा यादव, राजेश, सुदामा यादव, सत्येन्द्र मांझी, बसंत दास, सचिन कुमार, अनिल कुमार, धर्मवीर यादव, उमेश दास आदि मौजूद थे।

# निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाली कार्यदाई संस्थाओं पर होगी करवाई

♦ विकास भवन सभागार में हुई परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

**केटी न्यूज/बलिया**



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली एवं 50 लाख से अधिक लागत वाली निमार्णाधीन विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कार्यदायी संस्थाओं के मुख्य अधिकारी शामिल रहे। बैठक में पिछले माह से वर्तमान माह तक की भौतिक रिपोर्ट का आकलन किया गया । जिले में सीएन्डडीएस उत्तर प्रदेश जल निगम आजमगढ़, यूपीपीसीएल यूपीआर एनएसएस, राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जिले में विकास से संबंधित निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

कार्यदायी संस्था सीएन्डडीएस के कार्यों में राजकीय इंटर कॉलेज, सिकंदरपुर, राजकीय पॉलिटेक्निक, बैरिया नगर पंचायत नगरा एवं रतसड़ में नगर पंचायत भवन का निर्माण ,नगर पालिका परिषद बलिया में लीगेसी वेस्ट के निस्तारण के निर्माण कार्य और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बलिया एवं सीयर को उन्नयन किए जाने हेतु आधुनिक कार्यशाला, प्रशिक्षण कक्ष का निर्माण की भौतिक प्रगति कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने इस संस्था के अधिशासी अभियंता के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार यूपीपीसीएल के कार्यों की समीक्षा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रसड़ा एवं चिलकहर में हॉस्टल निर्माण का कार्य, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के परिसर में अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्राओं हेतु 100 छात्रों की क्षमता के छात्रावास का निर्माण कार्य ,जिला चिकित्सालय बलिया में नलकूप रिवोर पाइपलाइन की स्थापना एवं ओवरहेड टैंक के मरम्मत का कार्य और जनपद के थानों में हॉस्टल वैरक व विवेचना कक्ष जैसे निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में लापरवाही करने वाली कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को चेतावनी दी और कहा कि निमार्णाधीन परियोजनाओं को तय समय में पूरा न करने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और इसकी रिपोर्ट शासन में भी भेजी जाएगी। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा एवं अन्य अधिकारियों सहित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी मौजूद थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत



**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के नसीराबाद गांव के पास बुधवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची फेफना थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि नसीराबाद निवासी सविता देवी उम्र 35 वर्ष पत्नी बेचू राम पशुओं के लिए खेत से चारा लाने के लिए रेलवे ट्रैक पार कर रही थी कि तभी अचानक ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आने से सविता देवी की मौके पर ही मौत हो गई। उधर मौत की सूचना गांव में पहुंचते ही परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

# ज्वाइनिंग से पहले चयनित अभ्यर्थी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**केटी न्यूज/बलिया**



♦ उच्च न्यायालय के पोर्टल पर उपलब्ध फोटो में मिली भिन्नता

न्यायालय में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर समूह घ के लिए चयनित एक अभ्यर्थी को ज्वाइनिंग से पहले ही कोतवाली पुलिस ने बुधवार की दोपहर सिविल कोर्ट के पास से गिरफ्तार कर लिया। जबकि इस प्रकरण में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है।

जानकारी के लिए बता दें कि बीते 5 सितम्बर 2023 को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सिविल कोर्ट बलिया ने कोतवाली में शिकायती पत्र दी। बताया गया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा बीते 16 मई को समूह घ के लिए 31 कर्मी नियुक्त कर जनपद को इस आशय से भेजे गये कि उनकी पहचान व दस्तावेज का सत्यापन कर नियुक्ति प्राधिकारी जिला जज नियुक्ति पत्र जारी करें। इसबीच बीते 30 अगस्त को सत्यापन कराये जाने पर अनुक्रमांक सं. 87323272 के अभ्यर्थी धर्मेन्द्र यादव पुत्र रामसमुझ यादव निवासी पिपरी जिला मऊ का फोटो व उच्च न्यायालय के पोर्टल पर उपलब्ध फोटो में भिन्नता मिली। पूछताछ पर धर्मेन्द्र यादव ने दूसरी फोटो आलोक सिंह निवासी गोरखपुर की होना बताया। इससे वास्तविक अभ्यर्थी कौन है स्पष्ट न होने तथा एक अभ्यर्थी के स्थान पर दूसरे व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी कर परीक्षा देकर नौकरी प्राप्त करने के लिये उपस्थित होने पर दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध कोतवाली पुलिस मुकदमा पंजीकृत करने के साथ ही आरोपी धर्मेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया गया।

### 11 से शुरुआत, हर घर से ली जाएगी एक चुटकी चावल और मुट्ठीभर मिट्टी

# ढोल, नगाड़ों एवं शहनाई वादन के साथ निकलेगा अमृत कलश यात्रा

♦ जिलाधिकारी ने बैठक कर इसकी तैयारियों की समीक्षा की

**केटी न्यूज/बलिया**



जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा के आयोजन की तैयारी के सम्बन्ध में विकास भवन सभागार में बैठक की। उन्होंने सम्पूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को बताते हुए उसी हिसाब से अभी से अपनी तैयारी करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जिनको जो कार्य करना है, पूरी गंभीरता से करेंगे। इस अभियान से जुड़े कार्य में थोड़ी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। नगरीय क्षेत्रों में तैयारी पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 11 सितम्बर से कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र में हर ग्राम पंचायत में ढ़ोल, नगाड़ों, शहनाई के वादन के साथ जुलूस निकलेगी और हर घर से एक मुट्ठी मिट्टी व एक चुटकी चावल अक्षत के रूप में लिया जाएगा। जुलूस में युवक व महिला मंगल दल, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एएनएम सहित समस्त ग्राम स्तरीय कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व ग्राम सभा के उत्साही युवा मिट्टी व अक्षत एकत्र करने के किसी साधन के साथ प्रतिभाग करेंगे। सग्रहण करने के बाद पंचायत भवन पर इसे रखा जाएगा। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में वार्डवार यही कार्यवाही होगी। प्रत्येक ग्राम व वार्ड से लायी गयी मिट्टी को अमृत कलश में भरने के बाद धूमधाम से ब्लॉक मुख्यालय तक, और वहां से जिला मुख्यालय भेजा जाएगा। ब्लॉक व जिले पर कार्यक्रम भी होगा, जिसमें पंच प्राण की प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी।

**अमृत यात्रियों पर की जाएगी पुष्पवर्षा**

जिलाधिकारी ने कहा कि कलश को स्थानीय स्तर से सुलभ वाहनों पर सजाकर धूमधाम से ले जाया जाएगा। यह पूरा कार्यक्रम एक उत्सव के माहौल में किया जाएगा। कलश सुंदर कलात्मक, सजावट किया हुआ या तिरंगा के रंग में रंगा हुआ होगा। कलश लेकर चलने वाले अमृत यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। इसके लिए डीआईओएस व बीएसए को निर्देशित किया। बताया कि लखनऊ में मुख्य कार्यक्रम होगा, जहां अमृत कलश–संवाहक जिला स्तरीय चयनित प्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, एडीएम डीपी सिंह सहित पंचायत व नगरीय निकाय से सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

## सीनियर महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल 09 व 10 को

**गाजीपुर।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि हाल ही में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा प्राप्त पत्र के अनुसार गाजीपुर मंडल की सीनियर महिला खिलाड़ियों का ट्रायल आगामी 09 तथा 10 सितंबर 2023 को प्रस्तावित है। पत्र के अनुपालन में सीनियर वर्ग में पंजीकृत सभी खिलाड़ियों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने मूल दस्तावेज सहित पंजीकरण रसीद के साथ मंडल कार्यालय (पता झ एनवाई सुहासिनी सिनेमाज मल्टीप्लेक्स परिसर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एटीएम के बगल में, रायगंज गाजीपुर) में संपर्क कर अथवा व्हाट्स-एप्प के माध्यम से समय रहते अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा लें। असुविधा की स्थिति में मोबाइल क्रमांक 8112529953 / 7839349331 पर (समय प्रातः 10:00 बजे से शाम पांच बजे के मध्य) सम्पर्क कर सकते हैं।




## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रिक्त सीटों पर नवीन आवेदन के लिए पंजीकरण छह को

**गाजीपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि सरकारी तथा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर में चतुर्थ चरण के नवीन आवेदन के लिए पंजीकरण की तिथि छह से आठ सितंबर की रात्रि तक उपलब्ध रहेगी। सभी अभ्यर्थी वेबसाइट www.scvtup.in पर चौथे चरण के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थी द्वारा नवीन विकल्पों के लिए ऑनलाइन आवेदन तथा चौथे चरण के लिए नवीन अभ्यर्थी द्वारा आवेदन तथा रिक्त सीटों के विवरण का लिंक उपलब्ध होंगे। प्रवेश के लिए पंजीकरण शुल्क जिसमें सामान्य/ पिछड़ा वर्ग हेतु शुल्क 250 एवं अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लिए शुल्क 150 रुपए लगेगा।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से हुई महिला की मौत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जनपद के जंगीपुर बाजार में सामान खरीद कर घर वापस लौट रही बाइक सवार महिला को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। उसे आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि जंगीपुर क्षेत्र के चकताजुदीन ( ब्रह्म स्थान) गांव निवासीनी रेणु देवी (35) पत्नी ओमप्रकाश ठठेरा अपने पुत्र के साथ बुधवार को सुबह जंगीपुर बाजार में खरीदारी करने गई हुई थी। खरीदारी करके अपने पुत्र के साथ वह मोटरसाइकिल से घर को आ रही थी, तभी लावा मोड़ के पास गाजीपुर की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने अनियंत्रित होकर पीछे से टक्कर मार दिया । जिसमें मोटरसाइकिल से गिरने के बाद महिला ट्रैक्टर के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई यह देख स्थानीय लोग मौके पर पहुंचें और एंबुलेंस की मदद से घायल महिला को जिला अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टर ने चिकित्सीय परीक्षण कर महिला को मृत घोषित कर दिया।वहीं घटना के बाद ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया। जंगीपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है । तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृत महिला के दो बेटे और दो बेटियां हैं और पेंटर का कार्य करते हैं।

## सब जूनियर बालिकाओं की कुश्ती (अंडर-17) का जिला स्तरीय चयन आठ को

**गाजीपुर।** जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में महिला खेल समारोह में तैराकी, टीटी, बास्केटबाल, हैंडबाल खेल एवं सब जूनियर बालिकाओं की कुश्ती (अंडर-17) का जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स आठ सितंबर 2023 को प्रातः दस बजे से नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम गोराबाजार में किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इच्छुक बालिकाएं अपनी प्रविष्टि महिला खेल के लिए एवं कुश्ती सब जूनियर बालिका 09 सितंबर को प्रातः साढ़े नौ बजे तक कार्यालय में दे सकते हैं। साथ ही पात्रता प्रमाण पत्र फोटोयुक्त व प्रधानाचार्य से प्रमाणित आयु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य होगा। प्रवेश निःशुल्क होगा। जिसमें सब जूनियर बालिका आयु वर्ष 2006 व 2007 तथा 2008 में जन्में खिलाड़ी चिकित्सक अथवा माता- पिता के प्रमाण -पत्र के साथ भाग ले सकते हैं।

### शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया

# रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब ने शिक्षक दिवस पर गुरुओं को किया सम्मानित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





जनपद में रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब ने अनूठे ढंग से शिक्षक दिवस मनाया। शहर के प्रतिष्ठित छविगृह एनवाई सिनेमाज सुहासिनी मल्टीप्लेक्स में माउंट लितेरा, लुदर कान्वेंट, आर्यन पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर तथा स्वामी सहजानंद डिग्री कॉलेज आदि शिक्षण संस्थान के शिक्षकों को आमंत्रित किया गया। सभी शिक्षकों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। फिल्म के मध्यांतर में सभी अतिथियों को स्वल्पाहार प्रदान किया गया। शिक्षकों के सम्मान में पिछले साल भी इसी प्रकार शिक्षक दिवस मनाया गया था। इस अवसर पर रोटरी क्लब से अध्यक्ष रो० सैयद जीशान जिया, सचिव रो० विनीता सिंह, डायरेक्टर क्लब सर्विसेज रो०संजीव कुमार सिंह, रो० असित सेठ, रो० डॉ उमेश चन्द्र राय, रो० राजेश प्रसाद, रो० संतोष कुमार वर्मा, रो० बरुन कुमार अग्रवाल, रो० अनुज श्रीवास्तव, रो० चन्द्र मोहन केशरी, रो० संजय राय, रो० अरविन्द शर्मा तथा इनरव्हील क्लब से अध्यक्षा विनीता सिंह के अतिरिक्त सुमन सर्राफ, प्रीति रस्तोगी, रूबी संजर, साक्षी जायसवाल, सरिता सेठ आदि लोग उपस्थित थे।



## खबरें फटाफट

### यूथ फेस्ट 2023 के अंतर्गत जनपद स्तर मैराथन दौड़ 14 को

**मऊ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अपर परियोजना निदेशक उप्र राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी लखनऊ के निर्देश के क्रम में दिनांक 14 सितंबर 2023 को प्रातः 07 :00 बजे से 5 किमी मैराथन दौड़ डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट स्टेडियम मऊ में आयोजित किया जाएगा।

### राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 सितंबर

**मऊ।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मऊ संजीव कुमार जैन ने बताया कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उ०प्र० अलीगंज-लखनऊ द्वारा प्रदेश में चल रहे राजकीय / निजि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश सत्र-2023 गैर चयनित प्रवेश हेतु तथा नया आवेदन हेतु वेबसाइट www.scvtup.in पर दिनांक- 06 सितंबर 2023 से 08 सितंबर 2023 तक नया आवेदन हेतु पोर्टल खोल दिया गया है, (सा० / पिङ्ग-रू0 250 .00 अनु० / अनु०जन जाति-रू0 150 .00) नये आवेदन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन कर सकते हैं।

### बाइक सवार घायल

**मऊ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के हनुमान नगर के पास मैजिक और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो युवा गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि अक्षय कुमार तथा विवेक गुप्ता निजामुद्दीन पुरा थाना कोतवाली मोटरसाइकिल से रस्तीपुर से अपने घर आ रहे थे हनुमान नगर के पास पहुंचे ही थे कि एक अनियंत्रित मैजिक ने टक्कर मार दिया। जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के छोटी बाजार में हुई कार्रवाई

# बिना लाइसेंस के चल रहे अवैध मेडिकल स्टोर पर हुई छापेमारी

- मेडिकल स्टोर को ड्रग इंस्पेक्टर ने छापेमारी कर बंद कराया

**केटी न्यूज/मऊ**

मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के छोटी बाजार में बुधवार को अवैध रूप से बिना लाइसेंस के चल रहे मेडिकल स्टोर को ड्रग इंस्पेक्टर ने छापेमारी कर बंद कराया।

नगर पंचायत वलीदपुर के छोटी बाजार में राकेश मेडिकल नाम से चल रहे बिना लाइसेंस के अबैध तरीके के मेडिकल स्टोर की शिकायत ड्रग इंस्पेक्टर के पास कई लोगों की पहुंची थी जिसकी जांच ड्रग इंस्पेक्टर ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर किया जांच में राकेश मेडिकल स्टोर का लाइसेंस नहीं था और बिना बिल की दवा भी पाई गई लगभग छः मेडिकल स्टरों से बिना



बिल की दवा लाई गई इस तरह से नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग सैकड़ो मेडिकल स्टोर क्लीनिक बिना लाइसेंस के चल रहे है जो मरीज का शोषण कर रहे हैं । इस बाबत ड्रग इंस्पेक्टर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राकेश मेडिकल स्टोर की कई शिकायत मिली थी जिसकी जांच मौके पर जाकर किया गया जिसमें राकेश मेडिकल स्टोर का लाइसेंस नहीं था और जो भी दवा मेडिकल में पाई गई वह बिना बिल की थी दुकानदार द्वारा जिन-जिन मेडिकल स्टोर से दवा लाया गया था उन सभी मेडिकल स्टोर से दवा के बिल के बारे में पूछताछ किया जाएगा अगर सही पाया गया तो उनके भी खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी मेडिकल स्टोर की छापेमारी से नगर के सभी मेडिकल स्टोर तथा क्लिनिक धड़ाधड़ बंद हो गए और इस जांच से दवा विक्रेताओं में हड़कंप मचा रहा।

## महिलाओं से सोने की चेन की ठगी

**अलीनगर(चंदौली)।** थाना क्षेत्र के कुछमन गांव में ज्वेलरी की दुकान खोलने के नाम पर कटरा मालिक के घर महिलाओं से दो सोने की चेन ठगी कर बाइक सवार आसानी से फरार हो गए । भुक्तभोगी किसी सूचना पर पुलिस आसपास लगे कैमरा खंगालने में जुटी है।

अलीनगर थाना क्षेत्र के कुछमन गांव के पास स्थित कटरा को ज्वेलरी की दुकान खोलने के नाम पर मंगलवार को एक बाइक पर दो लोग सवार होकर मालिक आजाद सिंह से बातचीत कर बुक कर लिए। मालिक ने इन दोनों से बताया कि बुधवार को हम कहीं जा रहे हैं। गुरुवार को आने पर दुकान में पूजा पाठ होगा, लेकिन ठगों ने सारी जानकारी लेकर बुधवार को ही पुरुषों की अनुपस्थिति में पहुंच कर दुकान में बोर्ड सहित साफ सफाई करने के उपरांत महिलाओं पूजा पाठ कर प्रसाद ग्रहण के नाम पर अंदर से दुकान में बुला लिया। इसी दौरान आजाद सिंह की पत्नी सुमन सिंह व भाई की पत्नी किरण सिंह के गले में चेन देख चेक करने के नाम पर एक से चेन मांगा तो दूसरे के गले से छीनकर बाइक से फरार हो गए। चौकी प्रभारी प्रदीप मिश्रा ने बताया कि इस संबंध में तहरीर मिली है।

## तैयारी पूरी: कल 14 टेबलों पर होगा मतगणना कार्य






**केटी न्यूज/मऊ**

विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत जनपद के विधानसभा क्षेत्र घोसी में होने वाले उप निर्वाचन के दृष्टिगत 8 सितंबर को होने वाले मतगणना कार्य की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मतगणना कार्य कुल 14 टेबलों पर होगा,जिसके लिए 19 मतगणना टीमों का चयन किया गया है, जिनमें से एक-एक मतगणना टीम आरओ एवं एआरओ हेतु तथा तीन मतगणना टीम रिजर्व के रूप में रहेंगी।प्रत्येक मतगणना टीम में एक माइक्रो आब्जर्वर, एक पर्यवेक्षक, एक मतगणना सहायक तथा एक चतुर्थ श्रेणी का कार्मिक होगा। इस प्रकार एक मतगणना टीम में कुल चार कार्मिक रहेंगे। मतगणना कार्य 8 सितंबर को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मतगणना स्थल पर प्रातः 8:00 बजे प्रारंभ होगा।

## संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्य करें जनपद के कार्यकर्ता: विधायक

**केटी न्यूज/चंदौली**

निर्बल इंडियन शोषित हमारा अपना दल निषाद पार्टी का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन बुधवार को मुख्यालय अरविंद वाटिका में आयोजित किया गया। इसमें संगठन की मजबूती के लिए कार्यकताओं को मुख्य अतिथि चौरी चौरा विधायक सरवन निषाद ने सशक्त और मजबूत करने का आह्वान किया। माही जनपद के कार्यकताओं व पदाधिकारी में विधायक का बुके और माल्यार्पण का स्वागत किया। साथ ही संकल्प लिया कि गांव -गांव पहुंचकर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किया।

इस दौरान विधायक सरवन निषाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी समाज को सिर्फ धोखा देने का काम किया है। जब दोनों पार्टियों की सरकार रही तो सिर्फ समाज के लोगों को गुमराह करने का काम किया था। भाजपा ने समाज के लोगों को गले लगाया और आज हक और अधिकार समाज को देने का काम कर रही है। सभी पार्टी के कार्यकताओं पदाधिकारी एकजुट होकर गांव गांव जाएं और संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर पर अपनी तैयारी करें ताकि




आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के सशक्त रूप में आए और समाज के लोगों का हक और अधिकार अधिक से अधिक मिल सके। भाजपा सरकार में निषाद समाज के लोगों को तमाम तरह की योजनाएं संचालित कराकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लाभ देने का काम किया है उसे भी हम सभी को समाज के साथ-साथ गैर समाज के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की जरूरत है। इस दौरान अनिल कुमार अरविंद निषाद, डॉ दीपक निषाद, हंस लाल, शिवकुमारी निषाद, डॉक्टर भुवनेश्वर, डॉ रमेश, रामलाल उपस्थित रहे।

## नशीले पदार्थ के तस्कर को दो वर्ष की कैद

**चंदौली ।** अपर सत्र न्यायाधीश (द्वितीय) डा जया पाठक की अदालत ने बुधवार को नशीले पदार्थ की तस्करी के आरोपित गणेश मंडल को दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपित के खिलाफ दस हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि अदा न करने पर आरोपित को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला मुगलसराय थाने से जुड़ा है।

अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता शशि शंकर सिंह व सहायक शासकीय अधिवक्ता अवधेश पाण्डेय ने पक्ष रखा। अभियोजन के अनुसार 19 दिसंबर 2022 को उप निरीक्षक राजकुमार तिवारी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे कि सीटी बस स्टैंड चाय की दुकान पर पहुंचे तो देखा कि यात्री प्रतिक्षालय के पास एक व्यक्ति खड़ा है। संदेह होने पर पुलिस प्रतिक्षालय की ओर बढ़ी तो वह घबरा गया और भागने लगा। वहीं उसके साथ बैठे व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया। जब आरोपित की तलाशी ली गई तो उसके पास 62 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ। कोर्ट में लगाए गए आरोप के बाबत आरोपित कोई भी ठोस जवाब नहीं दे पाया।






## वाराणसी-छपरा, मऊ व जौनपुर रेल मार्गों पर ट्रेनों में की गई सघन चेकिंग, 339 बेटिकट यात्री पकड़े गए

**गाजीपुर।** रेलवे के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर विभिन्न ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को औड़िहार जंक्शन पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के निर्देशन पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक अजय कुमार सुमन के नेतृत्व में छह सितंबर को वाराणसी सिटी-औड़िहार, औड़िहार-जौनपुर, औड़िहार-मऊ एवं औड़िहार-छपरा रेल खंड को आधार बनाकर औड़िहार स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टिकट जांच टीम के सदस्यों द्वारा औड़िहार स्टेशन पर किलाबंदी कर लिक्ष्वी एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस, छपरा-वाराणसी सिटी, इंटरसिटी एक्सप्रेस, लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस, स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, सुहेलदेव एक्सप्रेस, गोरखपुर-लोकमान्य तिलक दादर एक्सप्रेस, प्रयागराज रामबाग-मऊ मेमू एक्सप्रेस, भटनी-वाराणसी सिटी अनारक्षित सवारी गाड़ी तथा आजमगढ़-वाराणसी सिटी अनारक्षित सवारी गाड़ी में सघन टिकट चेकिंग की गई है। बिना टिकट यात्रा करने वाले 220, अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले 80 यात्री शामिल थे।

## धरना को मिली धार, अधिवक्ताओं को मिला ग्राम प्रधानों का समर्थन

**केटी न्यूज/चंदौली**

न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति की ओर से आयोजित धरना प्रदर्शन में बुधवार को सदर विकासखंड के कई ग्रामों के प्रधानों ने सदर तहसील पहुंचकर धरना कर रहे अधिवक्ताओं का समर्थन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उनका माल्यार्पण का स्वागत किया और न्याय यात्रा के दौरान शामिल होने का आह्वान किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि न्यायालय संघर्ष समिति की ओर से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है लेकिन कोई भी अधिकारियों व जनप्रतिनिधि अधिवक्ताओं के मांगों पर विचार नहीं कर रहा है।

सभी प्रधानों ने अधिवक्ताओं का समर्थन किया और संघर्ष में शामिल होने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्राम प्रधान नामवर सिंह, योगेश कुमार लड्डू, आशुतोष यादव, अंकित



सिंह, प्रमोद कुमार पासवान, ओमप्रकाश, निरंजन मौर्य, जितेंद्र कुमार,गौतम कुमार, रामाश्रय कुमार, कृष्ण सोनकर, सुभाष कुमार सहित कई गांव के ग्राम प्रधान शामिल रहे। वहीं सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभानु सिंह,डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार के अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह और जन्मेजय सिंह व धनंजय सिंह ने प्रधानों के समर्थन पर खुशी जताई और कहा कि जिस प्रकार से प्रधान अधिवक्ताओं के आंदोलन में शामिल हुए हैं वे बधाई के पात्र हैं।

## चंदौली कचहरी में संघर्ष समिति के अध्यक्ष झन्मेजय सिंह ने की प्रेसवार्ता, कहा-

# आठ को दिल्ली के लिए कूच करेगी न्याय पदयात्रा

**केटी न्यूज/चंदौली**

जिला न्यायालय एवं मुख्यालय निर्माण संघर्ष समिति ने आठ सितंबर को प्रस्तावित चंदौली से दिल्ली न्याय पदयात्रा को लेकर प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने पदयात्रा के रूटमैप व उसके पुनीत उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि उक्त पदयात्रा चंदौली जिला मुख्यालय के विकास व अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के उद्देश्य को लेकर चंदौली से दिल्ली तक जाएगी। बीच में लखनऊ पहुंचकर सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात व बातचीत का प्रयास होगा। यदि उनके द्वारा चंदौली के विकास की दिशा में सार्थक पहल करते हैं तो पदयात्रा वहीं से लौट आएगी, अन्यथा दिल्ली पहुंचकर चंदौली के अधिवक्ता अपनी बातों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखने का काम करेंगे। उन्होंने चंदौली




की आवाम का आह्वान किया कि आठ सितंबर को सुबह 11 बजे चंदौली कचहरी पहुंचकर पदयात्रा को सम्मानपूर्वक विदाई देने के साथ ही अपने स्नेह व आशीर्वाद से नवाजे। एक बार फिर आंदोलन को सिविल बार एसोसिएशन ने अपना समर्थन दिया और आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि चंदौली का सृजन वर्ष 1997 में हुआ, उसके 26 साल बीतने के बाद भी चंदौली जनपद विकास की किरण से कोसों दूर है। यहां दीवानी न्यायालय भवन, न्यायिक अधिकारियों का आवास नहीं बन सका, जिसकी वजह से अधिवक्तागण, वादकारीगण व न्यायिक अधिकारियों को कार्य करने में असुविधा महसूस होती है। इसके अलावा जनपद चंदौली में पुलिस लाइन, जिला जेल, रोडवेज डिपो, रोडवेज स्टैंड, विकास भवन, स्टेडियम, सेल टैक्स आफिस, इनकम टैक्स आफिस, एआरटीओ आफिस आदि प्रमुख कार्यालयों का भवन आज तक नहीं बन सका है। इतना ही नहीं डीएम चंदौली, एसपी, एडीएम समेत तमाम जिला स्तरीय अफसर एवं जिला जज समेत तमाम न्यायिक अधिकारी किराए के भवन या दूसरे विभागों के भवनों में रह रहे हैं। 26 साल बाद भी यहां के प्रमुख आला अधिकारी न तो अपना सरकारी आवास बना सके और ना ही उपरोक्त इंफ्रास्ट्रक्कर कायम करा सके। जो कि एक जिला चलाने के लिए आवश्यक होता है। चंदौली के साथ सृजित हुए कई जिले बहुत पहले अपने पूर्ण अस्तित्व को प्राप्त कर चुके हैं। जिला भदोही इसका सबसे नजदीकी व ज्वलंत उदाहरण है। कार्यकारी अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि शासनादेश के विपरीत यहां के अधिकांश अधिकारी मुख्यालय पर निवास नहीं करते। चंदौली के विकास के मुद्दे पर जिला प्रशासन न केवल जनता से झूठ बोल रहा है, बल्कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति जो वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड़ के समक्ष भी झूठा हलफनामा दे चुके हैं।





